लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1401
28 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

तकनीकी वस्त्र संबंधी विशिष्ट पाठ्यक्रम

1401. श्री भोजराज नाग:
श्री विजय कुमार दूबे:
श्री आलोक शर्मा:
श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा:
श्री बलभद्र माझी:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उच्च शिक्षा डिग्री प्रोग्रामों में तकनीकी वस्त्रों (टेक्निकल टेक्सटाइल्स) संबंधी एक विशेष प्रश्नपत्र शुरू करने के दिशा-निर्देशों को लागू करने की दिशा में कितनी प्रगति हुई है और नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के छात्रों को शिक्षा प्रदान करने सहित देश के विभिन्न संस्थानों में उक्त कार्यक्रम के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश भर के छात्रों को लाभान्वित करने वाले संस्थानों सहित तकनीकी विश्वविद्यालयों और प्रमुख संस्थानों की शैक्षणिक अवसंरचना के उन्नयन के लिए अब तक जारी की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) औद्योगिक श्रमबल के कौशल उन्नयन के लिए नामित प्रशिक्षण केंद्रों में दर्ज किया गया कुल क्षमता उपयोग कितना है तथा इसमें नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश भर के उम्मीदवारों की भागीदारी का ब्यौरा क्या है; और

(घ) 50,000 क्षेत्रक पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है और नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित अन्य स्थानों से पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) और (ख): वस्त्र मंत्रालय राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीएमएम) के तहत "भारत में तकनीकी वस्त्र शिक्षा में शैक्षणिक संस्थानों को सक्षम बनाने के लिए सामान्य दिशानिर्देश: निजी और सार्वजनिक संस्थानों के लिए" का कार्यान्वयन कर रहा है। उक्त दिशानिर्देशों का उद्देश्य देश भर में तकनीकी वस्त्रों के विभिन्न अनुप्रयोग क्षेत्रों से संबंधित पाठ्यक्रमों और विषय-पत्रों की शुरुआत के लिए व्यापक श्रेणी के संस्थानों को शामिल करना है। उक्त दिशानिर्देशों के तहत, स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर पर कुल 59 पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, देशभर के विभिन्न तकनीकी विश्वविद्यालयों एवं

शैक्षणिक संस्थानों से प्राप्त 47 आवेदनों को मंजूरी दी गई है, जिनके लिए प्रयोगशाला उपकरणों के माध्यम से शैक्षणिक अवसंरचना के उन्नयन तथा संकाय सदस्यों के प्रशिक्षण हेतु ₹216.60 करोड़ की संचयी अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

यह योजना नबरंगपुर निर्वाचन क्षेत्र सहित देश भर में तकनीकी वस्त्र क्षेत्र के पात्र शिक्षण संस्थानों के लिए खुली है। तथापि, उपरोक्त दिशानिर्देशों के तहत नबरंगपुर निर्वाचन क्षेत्र से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) और (घ): एनटीटीएम के तहत, मंत्रालय ने औद्योगिक जनशक्ति के कौशल उन्नयन के लिए "तकनीकी वस्त्रों में उम्मीदवारों के कौशल विकास और प्रशिक्षण के लिए सामान्य दिशानिर्देश" को मंजूरी दी है। उक्त दिशानिर्देश चार लक्षित समूहों, अर्थात् - स्नातक छात्रों; रोजगार पूर्व अकुशल व्यक्ति; पहले से कार्यरत तकनीकी जनशक्ति का कौशल उन्नयन/पुन: कौशल; और तकनीकी वस्त्रों के अनुप्रयोग क्षेत्रों में कार्यरत कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करने से संबंधित हैं।

वस्त्र अनुसंधान संघों, उत्कृष्टता केंद्रों, सेक्टर स्किल परिषदों और उद्योग निकायों सहित कार्यान्वयन एजेंसियों (आईए) की एक विस्तृत श्रृंखला को विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सूचीबद्ध किया गया है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करना और देश के सभी क्षेत्रों, जिसमें नबरंगपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल है, में संभावित लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए जागरूकता शिविरों के साथ-साथ प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचना है।

******